राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने राजस्थान के विकास मे सहभागिता के लिए किया आह्वान

राज्यपाल श्री बागडे को प्रवासी राजस्थानी संघ द्वारा छत्रपति संभाजी नगर में सम्मानित किया गया

जयपुर, 30 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे को स्थानीय प्रवासी राजस्थानी संघ द्वारा छत्रपति संभाजी नगर में सोमवार को सम्मानित किया गया।

प्रवासी राजस्थानी संघ द्वारा राज्यपाल श्री बागडे का अभिनंदन करने के साथ ही राजस्थान का राज्यपाल बनने पर प्रसन्नता जताई गई।

राज्यपाल श्री बागडे ने अपने अभिनंदन और सम्मान का आभार जताते हुए प्रवासी राजस्थानियों से आग्रह किया कि वे राजस्थान के विकास के लिए भी निरंतर अपनी भूमिका प्रदान करते रहें। उन्होंने राजस्थान में निवेश के लिए भी प्रवासी राजस्थानियों का आह्वान किया।